भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 599

उत्तर देने की तारीख 6 फरवरी, 2024

17 माघ, 1945 (शक)

भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र

599. श्री बृजेन्द्र सिंह:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के कार्यरत क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार की मौजूदा राज्यों में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों की संख्या बढाने की योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्षेत्रीय केंद्रों की स्थापना के लिए किन-किन स्थानों की पहचान की गई है; और

(घ) विशेषकर हरियाणा राज्य सहित देश में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए स्थानों की पहचान करने हेतु अपनाए जाने वाले मानदंडों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क): भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने देश के विभिन्न भागों में 10 क्षेत्रीय केंद्र और 2 संस्थागत इकाइयां स्थापित की हैं। इन साई क्षेत्रीय केंद्रों का विवरण निम्नानुसार है:

क .सं.	क्षेत्रीय केंद्र (आरसी)	राज्य
1.	नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (आईएनएस), पटियाला	पंजाब
2.	लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एलएनसीपीई), तिरुवनंतपुरम	केरल
3.	आरसी कोलकाता	पश्चिम बंगाल
4.	आरसी भोपाल	मध्य प्रदेश

5.	आरसी लखनऊ	उत्तर प्रदेश
6.	आरसी सोनीपत	हरियाणा
7.	आरसी चंडीगढ़	चंडीगढ़
8.	आरसी गांधीनगर	गुजरात
9.	आरसी बेंगलुरु	कर्नाटक
10.	आरसी मुंबई	महाराष्ट्र
11.	आरसी गुवाहाटी	असम
12.	आरसी इंफाल	मणिपुर

(ख) से (घ): हाल ही में साई ने अपनी मौजूदा खेल संवर्धन स्कीमों के पुनर्गठन की प्रक्रिया की शुरूआत की है और उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए, चिन्हित खेल विधाओं में हमारे एथलीटों को एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, ओलंपिक खेलों आदि जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के लिए तैयार करने हेतु, मौजूदा केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में, साई के नए क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

साई क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना के लिए स्थानों की पहचान नहीं करता है। राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों पर व्यवहार्यता मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाते हैं।

*****